भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1866

गुरुवार, 5 मई, 2016/ 15 वैशाख, 1938 (शक)

गुजरात में चार लेन की सड़कें बनाना

1866. श्री जसवंत सिंह सुमनभाई भाभोर:

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार गुजरात में चार लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या चार लेन वाले इन राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा
है तथा यदि हां, तो सरकार द्वारा अब तक इन समस्याओं के समाधान के लिए क्या कदम उठाए
गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री पोन्. राधाकृष्णन)

(क): जी हां ।

(ख): ब्यौरे **अनुलग्नक** पर दिए गए हैं ।

(ग): जी हां । परियोजनाओं के निर्माण में भूमि अधिग्रहण, जन सुविधाओं के स्थानांतरण और वन स्वीकृतियों की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । तथापि, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण विलंब करने वाले मुद्दों का समाधान करने के लिए राज्य सरकारों के साथ मामले को उठा रहा है ।

अनुलग्नक

''गुजरात में चार लेन की सड़कें बनाना'' के संबंध में श्री जसवंत सिंह सुमनभाई भाभोर द्वारा 05.05.2016 को पूछे गए लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 1866 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

क्र. सं.	कार्य का नाम	लंबाई (किमी में)
	चल रही 4 लेन परियोजनाएं	
1	रारा-64 के गुजरात-महाराष्ट्र सीमा से सूरत-हजीरा पत्तन खंड को 4 लेन का बनाना	131.50
2	रारा-8ए (वि.) के गांधीधाम (कांडला)-मुंद्रा पत्तन खंड को 4 लेन का बनाना	71.40
3	रारा-8डी के जेतुपर-सोमनाथ खंड को 4 लेन का बनाना	123.45
4	रारा-59 पर अहमदाबाद–गोधरा खंड (पैकेज-I) को 4 लेन का बनाना	117.57
5	रारा-59 पर गोधरा से गुजरात/म. प्र. सीमा-खंड (पैकेज-II) को 4 लेन का बनाना	87.10
6	गुजरात राज्य में नर्मदा नदी के आर-पार नए 4 लेन नर्मदा पुल (एक्स्ट्रा डोज्ड ब्रिज) का निर्माण	6.745
	निविदा स्तर की 4 लेन परियोजनाएं	
1	भावनगर से तालजा खंड किमी 7.090 से किमी 53.585 को 4 लेन का बनाना (डिजाइन चै. 6.945 से 54.990)	48.045
2	रारा-8ई का तालजा से महुआ खंड किमी 53.585 से किमी 100.100 को 4 लेन का बनाना (डिजाइन चै. किमी 54.990 से किमी 100.450)	45.46
3	रारा-8ई का महुआ से कागावदर खंड किमी 100.100 से किमी 139.915 को 4 लेन का बनाना (डिजाइन चै. किमी 100.450 से किमी 140.470)	40.02
4	रारा-8ई का कागावदर से ऊना खंड किमी 139.915 से किमी 180.478 को 4 लेन का बनाना (डिजाइन चै. किमी 140.470 से किमी 181.450)	40.98
5	रारा-8ई का ऊना से कोडीनार खंड किमी 180.478 से किमी 221.610 को 4 लेन का बनाना (डिजाइन चै. किमी 181.450 से किमी 222.400)	40.95
6	रारा-8ई का कोडीनार से वेरावल खंड किमी 221.610 से किमी 263.000 को 4 लेन का बनाना (डिजाइन चै. किमी 222.400 से किमी 263.180)	40.78
7	ईपीसी विधि पर रारा-56 के पुराने और संकरे छोटे पुल के पुनर्निर्माण सहित किमी 459/500 से 483/500 (यूनिटी देवालिया स्मारक से राजपिपला को जोड़ने वाली सड़क) के बीच मौजूदा पेवमेंट का पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन से 4 लेन में चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण	24.0

*****